तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 2 अप्रैल 2025

12 साहू समाज ने अंतरजातीय विवाह के बढ़ते मामलों पर जताई चिंता



11 नए वितीय वर्ष में मदिरा प्रेमियों की बल्ले...








## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.
वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्धकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम॥

## खबर संक्षेप

### संयुक्त जिला कार्यालय में कार्यशाला 8 को

**बालोद।** जिलास्तर पर वन आधारित आजीविका एवं सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन के लिए विभागीय समन्वय स्थापित करने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 08 अप्रैल को आयोजित की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि वन संसाधन के प्रक्रिया को सरल बनाने, मान्यता प्राप्त वन संसाधन समिति को प्रशिक्षित करने, स्व सहायता समूहों को वन आधारित उत्पादों के संग्रहण, भण्डारण एवं प्रसंस्करण को बेहतर बनाने के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

## दौरा

# बालोद पहुंचे राज्यपाल रमन डेका, उत्कृष्ट खिलाड़ियों से की बातचीत, बढ़ाया हौसला

**बालोद प्रवास के दौरान उन्होंने संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित प्रदर्शनी का किया अवलोकन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्यपाल रेमन डेका 1 अप्रैल को बालोद जिले के प्रवास पर पहुंचे। अपने बालोद प्रवास के दौरान उन्होंने संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में जिले की विभागीय गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान डेका ने खेल गतिविधियों में जिले का नाम रोशन करने वाले उत्कृष्ट खिलाड़ियों से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया।

राज्यपाल डेका ने जिले के खिलाड़ियों को उनके इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कठिन परिश्रम एवं लगन के साथ खेल के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल कर जिले, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करने को कहा। इस अवसर पर राज्यपाल डेका ने समाज कल्याण विभाग की ओर से टेकापार निवासी दिव्यांग पुसउराम साहू और बोरिद निवासी पूर्णिता आलेन्द्र को इलेक्ट्रिक व्हील चेयर प्रदान की।





### धान के बदले दलहन-तिलहन की फसल लेने वाले किसान से की बातचीत

राज्यपाल डेका ने जिले में संचालित जल जतन योजना के तहत फलस चक्र परिवर्तन कर धान के बदले दलहनी, तिलहनी फसल लेने वाले सनौद निवासी किसान ध्रुवराम साहू से बातचीत की। किसान ध्रुवराम साहू ने राज्यपाल को बताया कि जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा आयोजित चौपाल में जब उन्हें धान की खेती करने से होने वाले हानि के बारे में जानकारी मिली, तो उन्होंने अपना मन बदल लिया और इस साल धान के बदले 05 एकड़ में चना और 05 एकड़ में मक्का की फसल ली है। यह उनके लिए लाभप्रद सिद्ध हुआ है।

### अपनी माता जी के नाम पर लगाया मौलश्री का पौधा



**बालोद।** राज्यपाल रमेन डेका ने बालोद प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत अपनी माताजी स्व. चंपावती डेका के नाम पर मौलश्री का पौधा रोपण किया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील भी की। इस अवसर पर आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक एस.आर भगत, वनमंडलाधिकारी बीएस सरोटे, सीईओ जिला पंचायत डॉ. संजय कन्नौजे के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### स्व सहायता समूह की महिलाओं से की मुलाकात

राज्यपाल श्री डेका के बालोद दौरे के दौरान स्वसहायता समूह की सक्रिय महिलाएं आशा सागर और ज्योति साहू ने बताया कि वे सभी महिलाएं गांव-गांव जाकर लोगों को पानी बचाने की समझाईश दे रही हैं। इस दौरान उन्होंने सिद्धी स्व सहायता समूह, जय मां पहाड़ो वाली स्व सहायता समूह, नवदीप स्व सहायता समूह, बैंक सखी मालती साहू सहित अन्य महिलाओं से चर्चा की और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों और इससे होने वाली आमदनी के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर स्व सहायता समूह की महिलाओं ने राज्यपाल डेका को समूह द्वारा तैयार की गई सामग्री भेंट की। राज्यपाल डेका ने अंतर्जातीय विवाह करने वाले राजेन्द्र यादव एवं उनकी पत्नी को विभागीय योजना के तहत 02 लाख 50 हजार रूपये का चेक भी प्रदान किया। इस अवसर पर आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक एस.आर भगत, वनमंडलाधिकारी बीएस सरोटे, सीईओ जिला पंचायत डॉ. संजय कन्नौजे के अलावा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर-एसपी ने किया स्वागत



**बालोद।** राज्यपाल रमेन डेका के संयुक्त जिला कार्यालय भवन पहुँचने पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने पुष्पगुच्छ



भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल डेका को गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी भी दी गई। इस दौरान आईजी रामगोपाल गर्ग, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, वनमण्डलाधिकारी बीएस सरोटे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# गुंडरदेही के वार्ड 5 में खोदे गए 3 नए बोर, सब में लगा मोटरपंप

**गुंडरदेही के लोगों की पेयजल समस्या दूर करने की गई पहल**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर में पानी की समस्या से वार्डवासियों को जल्द निजात मिलेगी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन व उपाध्यक्ष विजय सोनकर ने वार्ड 5 में पेयजल की परेशानी को दूर करते हुए 3 नए बोर का खनन कराया है। जो पाइप लाइन के माध्यम से नगरवासियो को शुद्ध पानी मिलेगी। नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर ने बताया कि नगरवासियों को गर्मी में पानी की समस्या नहीं होगी। इसके लिए वार्ड 5 में तीन नए बोर खनन किए गए हैं।

तीनों बोर में 5-5 एचपी का मोटर चल रहा है, जो नगर के लोगों के लिए पानी की आपूर्ति के लिए पर्याप्त हैं। उन्होंने आगे कहा कि नगर में नए व पुराने विकास कार्य जल्दी पूरे किए जाएंगे। रोज नगर भ्रमण कर लोगों की परेशानी की जानकारी लेकर दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर शैल महोबिया, रोमलाल यादव, पूजा बिंझेकर, लोकेश्वरी यादव, सेवक महिपाल, संतोष नेताम, हरीश निषाद, हेमंत सोनकर, सीएमओ किरण पटेल व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# ग्राम छिंदगांव के 8 वर्षीय सुशांत ने राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

- कक्षा तीसरी के छात्र ने राष्ट्रीय स्तर पर बनाई अपनी पहचान

आदिवासी विकासखंड डोंडी के ग्राम छिंदगांव के 8 वर्षीय सुशांत कुरपाल ने 22 से 24 मार्च 2025 तक आंध्रप्रदेश के गुंटूर जिले में आयोजित राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में मिनी तीरंदाजी में सुषांत ने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। सुषांत कुरपाल छिंदगांव निवासी रूमलाल कुरपाल के पुत्र है और सेट थामस स्कूल डोंडी के क्लास थर्ड का छात्र है।

सुशांत के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बालोद तीरंदाजी संघ के कोच कुशल ने कहा कि यह सफलता केवल खिलाड़ी की कड़ी मेहनत का परिणाम नहीं है, बल्कि सुशांत के माता-पिता और सहायक कोच का भी इसमें महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने विशेष रूप से माता-पिता



को इस सफलता का श्रेय दिया, जिनके निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन ने सुशांत को यह मुकाम हासिल करने में मदद की। कुशल ने यह भी कहा कि सुशांत की सफलता में सभी उन लोगों का योगदान है, जिन्होंने उसे प्यार और आशीर्वाद दिया। बालोद तीरंदाजी संघ के सभी समर्थकों सहित ग्रामीणों ने सुशांत को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उसे आगे और अधिक सफलता की कामना की।



## खबर संक्षेप



### सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

**छुरिया।** ग्राम पंचायत साल्हेटोला के आश्रित ग्राम आमाटोला के आदिवासी पारा में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया। मुचय अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे। अध्यक्षता मंडल भाजपा अध्यक्ष खिलेश्वर साहू ने की। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि विष्णु देव साय के सुशासन में विकास की गाड़ी निरंतर दौड़ते रहेगी। उन्होंने मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू की मांग पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा सामुदायिक भवन के लिए 4 लाख स्वीकृत करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर भानबाई मंडावी, गजेंद्र पाल, दूधनाथ मंडावी, देवनाथ साहू, लोखन साहू, वासुदेव विश्वकर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### जल संरक्षण के महत्व के प्रति किया जागरुक

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने महिला जन-जल जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विश्व जल दिवस पर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम फरहद में ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व एवं इसकी अनिवार्यता के प्रति जागरूक करने महिला जन-जल जागरूकता अभियान के तहत जल सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल गुणवत्ता की जांच कर जल को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों एवं ग्रामीणों द्वारा रैली निकालकर जल है तो कल है, के संदेश के साथ जल बचाने का संकल्प भी दिलाया गया। उन्हें नल का पानी व्यर्थ नहीं बहाने, वर्षा जल संचयन करने, पानी के दोबारा उपयोग को बढ़ावा देने और जल को बर्बाद करने वाली आदतों को त्यागने जैसे उपाय बताए गए। इस दौरान जल संरक्षण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली जल बहिनी, मितानिन एवं स्वास्थ्य सहायिका को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईएसए टीम मेंबर शैलेन्द्र कुमार, दुष्यंत कुमार, आईईसी को-ऑर्डिनेटर वतन सिंह राजपूत सहित अन्य विभागीय कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## तैयारी : जिला भाजपा अध्यक्ष देशमुख ने दी कार्यक्रम की जानकारी

# भाजपा का स्थापना दिवस 6 को, डॉ आंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल तक होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद







भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल एवं भारतीय संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल तक प्रतिवर्ष की भांति सभी बूथ केंद्रों तक बड़े स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मानाया जाएगा। जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने बताया कि जिले में इन कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वन के लिए जिला प्रभारी के रूप में जिला भाजपा महामंत्री राकेश छोटू यादव, बालोद विधानसभा संयोजक कौशल साहू, डौंडी लोहार विधानसभा संयोजक मनीष झा एवं गुंडरदेही संयोजक टिनेश्वर बघेल को नियुक्त किया गया है।

इसके साथ ही समस्त 17 मंडलों में संयोजक व दो सदस्यों को नियुक्त किया जाएगा। कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर समस्त 17 मंडलों में एक से तीन तारीख के भीतर मंडल स्तर पर बैठक संपन्न होगी। जिला प्रभारी राकेश छोटू यादव ने बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर सभी पाटएँ कार्यालयों और कार्यकर्ताओं के घरों पर पार्टी का झंडा फहराएंगे पार्टी कार्यालय में सजावट व मिठाई वितरण कर जिला स्तर पर प्रदर्शनी करके उन्हें प्रदर्शित करेंगे, 6 एवं 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर प्राथमिक सदस्यों को एकत्रित करके पार्टी की स्थापना दिवस मनाई जाएगी। 8 और 9 अप्रैल को मंडल या विधानसभा स्तर पर सभी सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित होगा।

सम्मेलन में तीन वक्ता भाजपा की चुनावी सफलता और संगठन विस्तार भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया, परिवर्तन प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के साथ लगभग 11 वर्षों के विकास, विकसित भारत की ओर यात्रा को लेकर संबोधन होगा।

### 7 से 12 अप्रैल तक मोहल्लों में पहुंचेंगे जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी

विधानसभा संयोजक कौशल साहू, मनीष झा, टिनेश्वर बघेल ने संयुक्त रूप से बताया कि 7 से अब 12 अप्रैल के बीच मंडल अध्यक्ष से ऊपर के भाजपा पदाधिकारी पुराने अथवा नये साथ ही ब्लॉक पंचायत सदस्यों और पार्षदों साथ पदाधिकारी तथा निर्वाचित जनप्रतिनिधि सेवा बस्ती चलो अभियान में भाग लेंगे, प्रत्येक कार्यकर्ता पूरा दिन गांव मोहल्ले में सेवा बस्ती का दौरा करेंगे।

अभियान के दौरान उनके नेतृत्व में मंदिर, अस्पताल, स्कूल या गलियों में स्वच्छता अभियान, विभिन्न योजनाओं के 10 लाभार्थियों से मिलना, उनसे बातचीत करना, आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल या पशु चिकित्सालय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या पंचायत कार्यालय या किसी अन्य सरकारी संस्था का दौरा करना, जल निकायों की सफाई, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं भाजपा के झंडों के साथ सभी गलियों में यात्रा निकालना, संध्या में ग्रामीण एवं निवासियों की चौपाल समुदाय के नेताओं के घर जाना, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं आपातकाल में गिरफ्तार मीसाबंदियों, कारसेवकों को सम्मानित करना, बुथ समिति की बैठक एवं 13 अप्रैल को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों की सफाई करना, परिसर को सजाना, शाम को दीप प्रज्वलित आयोजित करना, 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओ पर माल्यार्पण कर मिठाई बांटि जावेगी, संविधान की स्थापना का सामूहिक पाठ किया जाएगा, आंगनबाड़ी केन्द्रों और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूलों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जाए एवं परिसर की सफाई सामुदायिक सुविधाओं रख रखाव पर विशेष ध्यान रखने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

# मंदिरों के आसपास रखें सफाई



**राजनांदगांव।** साफ-सफाई का जायजा लेने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सुबह वार्ड विजिट कर रहे हैं। शनिवार को उन्होंने रेवाडीह, गंज मंडी, लखोली, कन्हारपुरी में साफ-सफाई देख जहां मंदिरों के आसपास विशेष सफाई के निर्देश दिए। वहीं गंज मंडी के व्यापारियों से चर्चा कर शहरी क्षेत्र से पकड़कर कांजी हाउस में रखे घुमंतू मवेशियो के खाद्य अपशिष्ट प्रदान करने पर चर्चा की।

आयुक्त विश्वकर्मा सुबह रेवाहीह कांजी हाउस का निरीक्षण कर मवेशियों के चारा-पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से करने तथा मरम्मत करने प्रभारी को निर्देशित किया। गंज मंडी पहुंचकर उन्होंने थोक सब्जी विक्रेताओं से चर्चा कर कहा कि निगम सीमा क्षेत्र के चौक-चौराहों में बैठने व घूमने वाले पशुओं को दुर्घटना से बचाने रेवाहीह एवं कन्हारपुरी कांजी हाउस में रखते हैं, जहॉ उनके लिए दाना-पानी की व्यवस्था की जाती है।

उन्होंने कहा कि मंडी से निकलने वाले सब्जी, फल, खाद्य अपशिष्ट को यदि आप दोनों कांजी हाउस में भेजेंगे तो मवेशियों के लिए बड़ी मदद हो जाएगी। सब्जी विक्रेताओं ने आयुक्त को मदद करने सहमति दी। आयुक्त ने गंज मंडी के मुख्य द्वार के पास काम्प्लेक्स में सीमा से बाहर दुकान बनाने पर निर्माण रूकवाने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

### चारे का पर्याप्त भंडारण के निर्देश

लखोली दुर्गा चौक में सफाई देख हाजिरी रजिस्टर की जांच कर उपस्थिति देखकर कहा कि नवरात्रि को ध्यान में रखकर शीतला मंदिर तथा आसपास के वार्डों के सभी मंदिरों के परिसर की समुचित सफाई करने निर्देशित किया। कन्हारपुरी में साफ-सफाई देख ग्रामीण वार्ड को ध्यान में रखकर हर क्षेत्र में सफाई के निर्देश दिए। साथ ही कांजी हाउस का निरीक्षण कर साफ-सफाई रखने, चारे का पर्याप्त भंडारण रखने निर्देशित किया।

## निकलने लगीं बालियां...



**लाटाबोड़।** इन दिनों गर्मी फसल में हरुणा किस्म के धान में बालियां निकल आई हैं। पौधों में बालियां निकलते समय फसल में रोग लगने तथा कीट पतंगों का भी खतरा बढ़ जाता है। किसान यदि फसल की देखभाल में जरा सी लापरवाही करेंगे, तो पैदावार प्रभावित हो सकती है। इसी के साथ ही गंधी कीट प्रकोप भी फसलों पर देखने को मिल रहा है। इस समय फसल में गंधी, झुलसा, गंधी कीट का खतरा बढ़ रहा है। झुलसा रोग लगने से फसल की पत्तियां सूखने लगती हैं। यदि समय पर रसायनों का छिड़काव नहीं किया गया, तो पूरी फसल बर्बाद हो सकती है। धान की हरूना फसल में गंधी कीट फुदका व तनाछेदक का खतरा काफी अधिक रहता है। गंधी कीट बालियां निकलते ही उनका रस चूसने लगती हैं, जिससे दाने बनने के बजाए बालियां सूखने लगती हैं। वहीं, फुदका तथा तनाछेदक बालियां को काटने लगते हैं। अगर समय पर किसानों ने इस रोग को लेकर गंभीरता नहीं बरती, तो पूरी मेहनत पर पानी फिर सकता है।

# शासकीयकरण की मांग को लेकर धरने पर बैठे सचिव बजाएंगे नगाड़ा, करेंगे पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

- 7 अप्रैल को रैली निकालकर कलेक्टर को सौंपा जाएगा ज्ञापन

शासकीयकरण की एकमात्र मांग को लेकर बीते 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर काबिज पंचायत सचिव संघ ने जिला प्रशासन को हड़ताल के चरणों की जानकारी दी है जिसमे 1 से 6 अप्रैल तक जनपद स्तर पर धरना प्रदर्शन बाद 7 अप्रैल को रैली निकालकर कलेक्टर को पीएम के नाम का ज्ञापन सौंपा जाएगा। 8 अप्रैल को नगाड़ा बजाकर सरकार का ध्यानाकर्षण, 9 अप्रैल को धरना स्थल पर सरकार की सद्बुद्धि के लिए रामायण, 10 अप्रैल को महावीर जयंती के आयोजन बाद 11 अप्रैल से संघ सदस्य क्रमिक भूख हड़ताल पर काबिज होंगे।

12 अप्रैल को हनुमान चालीसा का पाठ, 14 को संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर की जयंती मनाने के बाद देश की राजधानी नई दिल्ली के जंतर मंतर मे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिए सचिव रवाना होंगे। गौरतलब है कि शासकीय करण की एकमात्र मांग को लेकर पंचायत सचिवों का कहना है कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण करने का वादा किया था लेकिन सरकार बनने के 480 दिन बाद भी वादा पूरा नही हुआ है। उनकी मांग को मोदी की गारंटी मे शामिल बताया जा रहा है यदि ऐसा है तो लगभग 500 दिन का विलंब क्यों हो रहा है।



### जिपं अध्यक्ष से मिले सचिव, बताई पीड़ा

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार से मुलाकात कर सचिव संघ ने अपनी एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण से अवगत कराते हुए कहा कि सरकार बनने के बाद किए वादे को पूरा करने की उम्मीद उनको थी लेकिन डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी उनके शासकीयकरण को लेकर कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। इस मामले मे सरकार ने समिति बनाई है लेकिन रिपोर्ट नहीं आया है और बजट 2025 में भी उनके हितों को नजरअंदाज कर दिया गया है। प्रियंका ताम्रकार ने उनकी मांगों को जायज बताते हुए सीएम और पंचायत मंत्री तक उनकी पीड़ा पहुंचाने का भरोसा दिया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष लोकेश जंघेल लाला जंघेल, निलेश सिंह, हिरेंद्र नागपुरे, झुमुक साहू, खैरागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष जोगेश्वरर धनकर, धुरवकुमार धर्मेंद्र, खुमान यादव, नाजनीन नियाज़ी, भागवत साहू, प्रेमचंद सेन, सियाराम साहू, नूतन साहू, मिलाप वर्मा, खेलन धुवे, दुलार कोसरे, हेमराज वर्मा, जगन्नाथ वर्मा, गैंदकुमार वर्मा, रमेश वर्मा, दिगम वर्मा छबि साहु, रोहित जंघेल, मनहरण सेन, भगवती मरावी, राजेंद्र तिवारी, राजू जघेल, परमानंद जघेल सहित अन्य उपस्थित थे।

# रानी अवंती बाई बलिदान दिवस मना

- वीरांगना से हमें देश प्रेम की प्रेरणा लेनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

ब्लाक के मारूटोला कला मे रानी अवंती बाई लोधी का 168 वॉ बलिदान दिवस विधायक हर्षिता गोस्वामी बघेल के मुख्य आतिथ्य व पूर्व विधायक कोमल जंघेल की अध्यक्षता मे मनाया गया। विशिष्ट अतिथियों के रूप मे पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू, जिपं सदस्य दिनेश वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ बिशेशर साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेन्द्र त्रिपाठी, पांडादाह सर्किल लोधी समाज अध्यक्ष बालमुकुद वर्मा, पांडादाह भाजपा मंडल अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा, सरपंच राकेश वर्मा, नरोत्तम निषाद व कोहकाबोड़ लोधी समाज प्रधान कृपाल वर्मा मौजूद थे।

मुख्य अतिथि विघायक हर्षिता बघेल वीरांगना रानी अवंति बाई के बलिदान को याद करते हुए कहा की उन्होने देश के आजादी के लिए सब कुछ न्यौछावर कर दिया और देश के लिए बलिदान हो गईं ऐसी वीरांगना से हमे देशप्रेम की प्रेरणा लेनी चाहिए।



### रानी की जीवनी पर डाला प्रकाश

कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा की वीरांगना रानी अवंति बाई ने अंग्रेजो को आमने सामने की लड़ाई मे दो बार परास्त किया लेकिन छल कपट के कर उन्होंने रामगढ़ में आक्रमण कर धोखे से रानी को घेर लिया लेकिन रानी ने आत्म बलिदान कर आजादी की लड़ाई में अपनी आहुति दी। पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने रानी की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान बड़ी संख्या में लोधी समाज के लोगों के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

# पालकों से सभी विद्यार्थियों का अपार आईडी बनाने की अपील

**मोहला।** अपार आईडी विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसमें विद्यार्थी की पूरी शैक्षिक रिकॉर्ड दर्ज होगा। यह विद्यार्थियों के लिए बनाया जाना अति आवश्यक है, क्योंकि अपार आईडी विद्यार्थियों के सम्पूर्ण शैक्षणिक जीवन के लिए महत्वाकांक्षी दस्तावेज होगा। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने जिले के सभी अभिभावकों और पालकों को अपने स्कूली बच्चों का अपार आईडी बनाने की अपील की है। उन्होंने अपील करते हुए कहा है कि ऐसे बच्चे जिनका अपार आईडी अब तक नहीं बना है, पालकगण अपने बच्चों का अपार आईडी अवश्य बनाएं। कलेक्टर ने इस संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के तीनों विकास खंड के अंतर्गत अब तक अपार आईडी बनाने से छूटे हुए विद्यार्थियों की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि जन्मतिथि अथवा नाम में त्रुटि के चलते कई विद्यार्थियों का अपार आईडी नहीं बन रहा है। कलेक्टर ने इसके लिए शिक्षक और पालकों को आगे आकर आवश्यक संशोधन कर अपार आईडी बनाने निर्देशित की है। कलेक्टर ने वर्तमान में अपार आईडी बनाने में कमी पर जिला शिक्षा अधिकारी और सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों पर गहरी नाराजगी जाहिर की है।

### आधार कार्ड जरूरी

अपार आईडी बनाने के लिए आधार कार्ड एक आवश्यक दस्तावेज है। आधार कार्ड में त्रुटि के कारण बहुत से विद्यार्थियों का अपार आईडी नही बन पा रहा है। इसके लिए कलेक्टर ने आधार कार्ड में संशोधन, सुधार व अन्य अपडेट करने के लिए पालकों से अपील की है।

# तरूणा बिलासा सम्मान से सम्मानित

**राजनांदगांव।** बिलासपुर में आयोजित बिलासा महोत्सव के अवसर पर छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध पंडवानी गायिका एवं रेलवे सुरक्षा बल की निरीक्षक तरुणा साहू, जो कि वर्तमान में रेल सुरक्षा बल की बतौर थाना प्रभारी राजनांदगांव में पदस्थ है, को उनकी लोककला के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार में दिए गए अभूतपूर्व योगदान के लिए बिलासा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उपमुख्यमंत्री अरुण साव के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर तरुणा साहू ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व और हर्ष का क्षण है कि मुझे अपने राज्य के इतने प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। मैं यह सम्मान अपने माता-पिता, अपने पूज्य गुरू डॉ. तीजनबाई, अपने परिवार और सभी शुभचिंतकों को समर्पित करती हूं। जिनकी प्रेरणा और आशीर्वाद से इस क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि वे पंडवानी लोककला को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी और इस विधा में नए प्रयोग कर इसे और अधिक समृद्ध बनाने का संकल्प लेती है।



गौरतलब है कि इस महोत्सव में उनकी द्रौपदी चीर हरण पर आधारित प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रभावशाली अभिव्यक्ति और सशक्त गायन ने पूरे पंडाल को भावविभोर कर दिया। जिससे दर्शकों की आंखे नम हो गई। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी उनके इस योगदान की सराहना करते उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। बिलासा सम्मान प्राप्त करने पर कला जगत एवं उनके प्रशंसकों ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी।

# समाज गौरव सम्मान से नवाजे गए प्रधानपाठक रामलाल साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

छात्रों व शिक्षकों के सर्वांगीण विकास और समाज सेवा के लिए संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी द्वारा ब्लाक के प्राशा कट्टहा नवागॉव प्रधान पाठक रामलाल साहू को विधायक पुरंदर मिश्रा, डीईओ विजय खंडेलवाल, छालीवुड अभिनेत्री जागेश्वरी मढ़रिया मेश्राम, उड़ान नई दिशा के संस्थापक निधी चंद्राकर, परसराम साहू, संस्था संस्थापक संजय कुमार मैथिल द्वारा समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

रामलाल साहू बेहतरीन नवाचार के लिए नीपा दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट स्कूल प्रैक्टिस कार्यशाला के लिए भी पुरस्कृत हो चुके है। बीते साल मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2024 उत्कृष्ट प्रधान पाठक भी मिला है। वही जादुई पिटारा, टीएलएम जैसे नवाचार को लेकर जिला प्रशासन भी सम्मानित कर चुका है। सरपंच प्रीतिलता साहू ने कहा कि प्रधान पाठक के बेहतर कार्यशैली से बच्चों के साथ साथ गांव का भी नाम रोशन हुआ है। शाला विकास समिति अध्यक्ष शीत राम जोशी ने सम्मानित होने पर खुशी जताई है वही बेहतर कार्य के चलते अलग अलग मंच पर रामलाल साहू को सम्मान मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, बीईओ नीलम सिंह राजपूत, एपीसी आत्माराम साहू, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, संकुल समन्वयक धृतेन्द्र सिंह, संकुल प्राचार्य चंद्रभान साहू, नीलम वर्मा सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

# रोजा के बाद एक दूसरे से गले मिलकर उल्लास से मनाया ईद पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

मुस्लिम धर्म का सबसे बड़ा त्यौहार ईद उल फितर नगर में धार्मिक सदभाव के साथ मनाया गया। महीने भर रोला के बाद ईद मनाया जाता है। रमजान महीने में मुसलमान दिन भर बगैर भोजन-पानी के रोजा रखते है। 30 दिनों का रोजा पूरा होने और ईद की चाँद नजर आने के बाद ईद उल फितर त्यौहार मनाया गया।

पर्व की तैयारी काफी पहले शुरू हो गई थी। ईद के मौके पर सभी छोटे से बड़े लोग नमाज़ की तैयारी में जुट गए थे। सुबह घर पर शिर खुरमा की फातिहा के बाद ईदगाह में नमाज़ अदा की गईं। यहां मुस्लिम जमात के ईमाम हाफिज सरिफुल हक़ ने नमाज़ अदा कराई। सभी समाज के लोगों ने मुस्लिम को मुबारकबाद दिया। इस मुबारक मौके पर मुस्लिम समाज के जिला अध्यक्ष सज्जाक खान, मुत्वल्ली निजमुद्दीन खान, इमरान खान, हाजी युसूफ सोलंकी, शोएब खान, हाजी आज़म खान, शेख इमरान, राज सोलंकी, इशाक भाई, मकबूल खान, रेहान बाबा, अफसर खान, आशु खान, इब्राहिम खान, शेख रसीद, हबीब खान, सोहैल खान, आसिफ खान, आदिल खान, अफरीदी खान, शेख समीर खान, अब्बास खान, अनस खान, अयान खान, लारेब खान, मो अर्श, मो रियाज, मो आज़म, सारिक खान, मो असद, आयुष खान, अक्स खान, फैजान खान, ओवेश खान, दानिस खान आदि मौजूद थे।



### ईद की दी मुबारकबाद



**डोंगरगढ़।** जिला पंचायत सदस्य अनिता मंडावी लालूटोला में आयोजित मिलन समारोह में शामिल हुई। उन्होंने इस दौरान मुस्लिम समाज की समस्याओं को सुना और निदान करने की आश्वासन दिया। इस मौके पर गोदावरी निषाद, तिलकाबाई, चतुरपाल, रोशन खान, इब्राहम खान आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### करहीभदर में उत्पात मचा रहा दूसरी जगह से पहुंचा बैल

**बालोद।** ग्राम करहीभदर में एक बैल बीते कुछ दिनों से गांव में लोगों के आने-जाने में बाधा उत्पन्न कर रहा है। लोगों का कहना है कि बैल बाजार के पसरा में साग सब्जी व फल दुकानों के संचालन में व्यवधान उत्पन्न कर रहा है। कुछ लोगों ने प्रशासन से इस बैल को अन्यत्र ले जाने की मांग करते हुए कहा कि बैल राह पर चलने वाले लोगों को कभी भी दौड़ाने लगता है, जिससे लोगों को हमेशा भय बना रहता है। लोगों का कहना है कि यह बैल हमारे गांव का नहीं है, वह किसी दूसरे गांव से यहां आकर उत्पात मचा रहा है।

### डॉ. संजय तिवारी बने दुर्ग विवि कुलपति

**भिलाई।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका द्वारा डॉ. संजय तिवारी को हेमचंद यादव विवि दुर्ग का नया कुलपति नियुक्त किया है। वे भोजमुक्त विवि भोपाल के कुलपति है। वहां का कार्यकाल पूरा होने से पहले डॉ. संजय तिवारी को यहां नियुक्ति दी गई है। डॉ. तिवारी का कार्यकाल, उपलब्धियां, सेवा शर्ते, विवि अधिनियम परिनियम में निहित प्रावधान अनुसार होगी। डॉ. तिवारी की नियुक्ति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 13 की उपधारा (1) में पदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गई है। डॉ. तिवारी का नियुक्ति पत्र राज्यपाल के उपसचिव हिना अभिनेष नेताम ने जारी किया है।

### घायल को मदद के नाम पर ठगा, गिरफ्तार

**भिलाई।** घायल युवक को मदद के नाम पर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नेवई पुलिस के मुताबिक मैत्री नगर रिसाली निवासी सुशील कुमार गुप्ता के बेटे अमित का 27 मार्च की रात आजाद मार्केट रिसाली में एक्सीडेंट हो गया था। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति आया और उसकी मदद कर सेक्टर-9 अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया। जहां अस्पताल में बिल करने का झांसा देकर अमित का फोन लेकर फोन से पेमेंट करने पिन मांगा और अज्ञात अपने खाते में 50 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिया। आरोपी की पहचान संदीप चांदेकर के रूप में हुई। आरोपी से 13 हजार रुपए जब्त किया गया, बाकी पैसे उसने खर्च कर दिए है। मामले में विवेचना जारी।

### सेवानिवृत्त कर्मी को सांड ने पटक कर मार डाला

**भिलाई।** एक सांड ने बीएसपी सेवानिवृत्त कर्मी को सड़क पर पटक-पटक कर मार डालने का मामला प्रकाश में आया है। घटना स्मृति नगर पुलिस चौकी का मामला है। मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड तीन निवासी सियाराम साहू अपनी बेटी श्यामा साहू के साथ घर पर थे। बाजार की तरफ सामान लेने के लिए दोपहर में निकले थे। तभी एक सांड आया और सियाराम दौड़ाने लगा। घटना 26 मार्च की है। सांड के मारने की घटना सीसी कैमरे में कैद हो गई है। सीसी कैमरे के फुटेज में घटना दिख रहा है कि काले रंग का सांड सियाराम को पहले दौड़ाया उसके बाद वृद्ध थक कर जमीन पर गिर गए। फिर सांड ने उन्हें सींग से उठाकर पटक दिया। आसपास के लोगों ने सियाराम को उठाया और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। चार दिन बाद 30 मार्च रविवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। वृद्ध को सांड बार-बार सींग से मार रहा है। पैरों से कुचल रहा है। जब वृद्ध जमीन पर बुरी तरह घायल होकर लेट जाता है। तो सांड भाग जाता है। वृद्ध को हादसे में गंभीर चोटें आई, शरीर से काफी खून भी निकला था। सांड के आतंक के बाद वार्ड और स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

# नए वित्तीय वर्ष में मदिरा प्रेमियों की बल्ले-बल्ले, कम हुई कीमत, एक साथ खरीद सकेंगे 24 पौवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में एक अप्रैल से शराब का मूल्य कम होने से मदिरा प्रेमियों की बल्ले बल्ले हो गई है। नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही आबकारी विभाग ने कम दर पर शराब बिक्री की शुरुआत कर दी है। वहीं पिछले वर्ष ही शराब की मूल्यों में 10 रूपये की अतिरिक्त बढ़ोतरी की गई थी, लेकिन अब पुनः 10 रूपये कम कर दिया गया जिससे मदिरा प्रेमियों को थोड़ी राहत मिलेगी और उन्हें कम मूल्यों पर मन पसंद शराब भी मिलेगी।

आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार देशी शराब का पौवा जिसे 90 रूपये में बेचा जा रहा था, उसके मूल्य में 10 रूपये की गिरावट आयी है अब देशी शराब का पौवा 80 रूपये में उपलब्ध है तथा बोतल 320 रूपये में उपलब्ध है। वहीं, अन्य अंग्रेजी किस्मों की शराब की बोतलों में भी प्रशासन द्वारा रेट कम किया गया है।

## देशी शराब की कीमत प्रति पौवा 10 रुपए कम, अब 90 की जगह 80 में मिलेगी







**सालभर में जिले में कुल 530 करोड़ 19 लाख रूपये की शराब बिकी**

आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में 446 करोड़ 52 लाख रूपये की शराब बिक्री की गई थी। जबकि वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक बालोद जिले में कुल 530 करोड़ 19 लाख रूपये की शराब बिक्री की गई है, जिससे बालोद जिले को 220 करोड़ 69 लाख रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ। जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए नई शराब दुकान खोलने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके तहत मदिरा दुकानों की दूरी, क्षेत्र की जनसंख्या और अंतर्राज्य सीमा को ध्यान दिया जा रहा है। वहीं, ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव भी मंगाया जा रहा है।

### ग्राहकों को लम्बी कतार से मिलेगी मुक्ति

मंदिरा प्रेमियों को पूर्व में शराब लेने के लिए लम्बी कतार लगानी पड़ती थी या बार-बार कतार में लग कर शराब खरीदना पड़ता था, क्योंकि एक व्यक्ति को एक बार में मात्र 4 पौवा शराब दी जाती थी। लेकिन, अब शराब खरीदने के लिए बार-बार कतार में लगने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, क्योंकि प्रशासन द्वारा अब एक व्यक्ति को एक ही बार में 24 पौवा शराब लेने की अनुमति दे दी गई है। **नई शराब दुकान खोलने के लिए दो गाँव का प्रस्ताव मिला** : जिले में वर्तमान समय में कुल 18 दुकानें संचालित है, जिसके माध्यम से आबकारी विभाग द्वारा शराब बेचने का कार्य प्रगति पर है। वहीं, नई दुकान खोलने के लिए प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव मंगाया जा रहा है, जिसके तहत गुरुर ब्लॉक के ग्राम मिरीटोला और डौंडी ब्लॉक के घोटिया गाँव से प्रस्ताव आबकारी विभाग को प्राप्त हुआ है।

## परेशानी : कार्रवाई नहीं होने से बढ़े लकड़ी तस्करों के हौसले

# प्रतिबंधित किस्म के वृक्षों की हो रही अवैध कटाई, नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश को हरा भरा करने के लिए गांव सहित अन्य स्थलों में वृछारोपण करने नित्य नई नई योजनाएं ला रही है, तो वहीं वन परिक्षेत्र दल्लीराजहरा के सहायक वन परिक्षेत्र कुसुमकसा सहित समीपस्थ ग्रामीण अंचलों में प्रतिबंधित कहुआ लकड़ी सहित अन्य प्रजाति के लकड़ियों का वन विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण अवैध कटाई कर परिवहन का कार्य लकड़ी तस्कर बेखौफ कर रहे हैं। किंतु आज पर्यंत तक लकड़ी तस्करों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

कुसुमकसा सहित समीपस्थ ग्रामों में प्रतिबंधित सहित अन्य प्रजाति के पेड़ों की बेखौफ अवैध कटाई और परिवहन पर अंकुश लगाने में वन विभाग लाचार साबित हो रहा है। लकड़ी तस्कर बखौफ दिनदहाड़े प्रतिबंधित वृक्षों की कटाई कर ट्रैक्टर और मेटाडोर से परिवहन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पेड़ों की अवैध कटाई और परिवहन की शिकायत सुनने वाला सहायक वन परिक्षेत्र कुसुमकसा में ना तो अधिकारी निवास करते हैं और ना ही बिटगॉर्ड। सहायक वन परिक्षेत्र कुसुमकसा के अंतर्गत 6 बीट हैं, किंतु तीन बीट गार्ड ही पदस्थ हैं, जिनके पास दो-दो बीट का कार्यभार है।

वनोपज जांच नाका कुसुमकसा भी राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के सड़क निर्माण होने के बाद नाका तो हट गया कार्यालय मुख्य मार्ग से अंदर होने ब वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी के मुख्यालय में ना रहने के कारण लकड़ी चोरी के हौसले बुलंद हैं और वे बेखौफ प्रतिबंधित लकड़ियां को काटकर ट्रैक्टर व मेटाडेरों में भरकर मुख्य मार्ग से अन्यत्र मनमाफिक परिवहन कर रहे हैं। पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने प्रतिबंधित वृक्षों की अवैध कटाई कर परिवहन करने वालों पर उचित कार्यवाही करने एवं कुसुमकसा सहायक वन परिक्षेत्र में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी को मुख्यालय में रहने से नियमित भ्रमण करने से वनोपजों की सुरक्षा होने की बात कही।




### चौक से रातों-रात ट्राली सहित चोरी हो गई जब्त की गई लकड़ी

उल्लेखनीय है कि कुछ माह पूर्व वन परिक्षेत्र दल्लीराजहरा के अंतर्गत प्रतिबंधित अर्जुन वृक्ष की अवैध कटाई कर परिवहन के लिए ट्रैक्टर में लोड की गई लकड़ी को ट्राली सहित जब्त कर चिखलाकसा के चौक में खड़ा किया गया था। किंतु जब्त की गई ट्राली सहित लकड़ी रातों-रात चोरी हो गई थी, जिसकी जांच चल रही है। वहीं, कुसुमकसा सहायक वन परिक्षेत्र में भी किसान की भर्री जमीन पर प्रतिबंधित अर्जुन, साजा, बीजा पेड़ों के छोटे-छोटे टुकड़ों का भंडार मिला था। उक्ताशय की जानकारी राजस्व व वन विभाग के आला अधिकारियों को दी गई। सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी कुसुमकसा ने लकड़ी के जखीरा का मुआयना किया किंतु राजस्व जमीन में लकड़ी होने से कार्यवाही करने में असमर्थता जता दी। वहीं, राजस्व विभाग के अधिकारी को जानकारी देने पर जांच दल का गठन किया गया, किंतु जांच दल के पहुंचने के पहले ही लकड़ी गायब हो गई।

### शासकीय आवास हैं, पर कोई रहता नहीं

गौरतलब है कि वन परिक्षेत्र दल्लीराजहरा के सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी कुसुमकसा के निवास एवं कार्यालय व वनरक्षक के निवास के लिए शासकीय क्वार्टर काष्ठागार डिपो कुसुमकसा के परिसर में बना हुआ है , किंतु यहाँ पर कोई निवास नहीं करता। वे समय-समय पर मुख्यालय आते हैं और चले जाते हैं। ऐसे में प्रतिबंधित वृक्षों की अवैध कटाई और परिवहन करने वालों पर कार्यवाही कहां कर पाएंगे। वहीं, विभागीय अधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी मुख्यालय में निवास नहीं करने वालों पर कोई कार्रवाई भी नहीं की जा रही है। इस संबंध में जेएल सिन्हा एसडीओ वन विभाग दल्लीराजहरा ने बताया कि हरिभूमि के माध्यम से जानकारी मिल रही है। अवैध कटाई कर परिवहन करने वालों पर उचित कार्रवाई करने की बात कही।

# लड़कियों की अपेक्षा उच्च शिक्षा प्राप्त लड़कों की संख्या बहुत कम, समाज ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

मरार सामाजिक भवन बालोद में कोसरिया मरार समाज का बैठक रखा गया था। सर्वप्रथम समाज की आराध्य देवी माँ शाकम्बरी देवी की पूजा अर्चना के बाद समाज के विकास व संगठन पर चर्चा की गई।

- बालोद में कोसरिया मरार समाज का बैठक में विभिन्न विषयों पर की गई चर्चा

महिला प्रकोष्ठ के गठन हेतु प्रत्येक गांव से 2 महिलाओं का नाम आमंत्रित किया गया व युवा प्रकोष्ठ के गठन के लिए प्रत्येक गांव से एक युवा का नाम मांगा गया। समाज के वर्ष भर का खर्च व आय पर भी चर्चा की गई। साथ ही कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अनिल पटेल अंतागढ़ निवासी को सह सचिव व देवराम पटेल पारागांव निवासी को सूचना प्रसार सचिव बनाया गया।

फरवरी माह में हुए बालोद नगरीय निकाय चुनाव में पार्षद चुनकर आये निर्देश पटेल पंचायत चुनाव में पंच चुनकर आयी राधिका बाई पटेल, ग्राम पंचायत तरोद एवं ग्राम पंचायत बाघमरा से निर्विरोध पंच का सम्मान किया गया। बैठक में जिला महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु बालोद के जालम सिंग पटेल टाउन हॉल में किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की जानकारी दी गई।

### समाज विकास के लिए कुछ नियमों में सुधार पर दिया जोर

इस कार्यक्रम में बालोद राज के संयोजक ब्रम्हदेव पटेल ने समाज के विकास के लिए एकजुट होने व साथ चलने की बात कही। समाज के विकास के लिए कुछ नियमों में सुधार पर बल दिया। समाज के संरक्षक पुरुषोत्तम पटेल ने समाज को आगे ले जाने के लिए सभी का सहयोग व एकता पर बल दिया। संरक्षक थानसिंग पटेल ने लड़कों की शिक्षा पर बल दिया, क्योंकि आज समाज में लड़कियों की अपेक्षा उच्च शिक्षा प्राप्त लड़के बहुत ही कम हैं। अध्यक्ष गिरधर पटेल ने समाज के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। साथ ही समाज के विकास के लिए हर संभव कार्य करने व समाज के लोगों को एकजुट रखने की बात कही। समाज के कोषाध्यक्ष रोहित पटेल ने वर्ष भर का आय व्यय की जानकारी दी। बैठक का संचालन समाज के सचिव हरिशचंद्र पटेल ने किया। बैठक में समाज के उपाध्यक्ष खोरबाहरा राम पटेल, सुनील पटेल ,सलाहकार जीवन पटेल, सुरेंद्र पटेल कलीराम पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष निर्देश पटेल के साथ 32 गांव के मरार समाज के पदधिकारी, प्रतिनिधि व सामाजिक बंधु शामिल हुए।

# एआई आधारित केंद्र से जुड़ेंगे 56 हजार स्कूल के 57 लाख छात्र, 1.80 लाख टीचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

देश के एजुकेशन सिस्टम में मील का पत्थर माने जाने वाले विद्या समीक्षा केंद्र को लॉन्च कर दिया गया है। इस एप्लीकेशन को आ ई आ ई टी भिलाई ने तैयार किया है। इसे एक दिन पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम में जनता को समर्पित किया। इस सिस्टम को शिक्षा में डिजिटल गवर्नेस के क्षेत्र में एक एतिहासिक क्षण माना जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित मंत्री ओपी चौधरी, विधानसभा के अध्यक्ष रमन सिंह भी शामिल हुए। इस प्लेटफार्म को स्कूल गवर्नेस और निगरानी के लिए तैयार किया गया है। आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की राष्ट्रीय मिशन ऑन इंटर डिसिप्लिनरी साइबर-फिजिकल सिस्टम्स के तहत समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से विकसित किया है। मोदी ने कहा कि यह पहल शिक्षा की गुणवता को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है और यह शिक्षकों और छात्रों को रियल टाइम में सहयोग प्रदान करेगी, जिससे पूरे शिक्षा तंत्र को मजबूती मिलेगी।

- आईआईटी भिलाई ने तैयार किया विद्या समीक्षा प्लेटफार्म

### राज्यव्यापी शिक्षा परिवर्तन की दिशा में एक कदम

आईआईटी के प्रोफेसरों ने बताया कि यह प्रणाली वर्तमान में 56,000 स्कूलों के 57 लाख से अधिक छात्रों और 1.80 लाख से ज्यादा शिक्षकों की निगरानी करती है। उनके डेटा इस डिजिटल प्लेटफार्म में एआई के जरिए जुड़ चुके हैं। यह जीआईएस मैपिंग, एआई-आधारित डैशबोर्ड और रीयल-टाइम एनालिटिक्स का उपयोग करके, विशेष रूप से जनजातीय और पिछड़े क्षेत्रों में नीति निर्माण और प्रशासनिक निर्णयों को डेटा के आधार पर सक्षम बनाती है।

# सड़क पर दुकान लगाने पर होगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय एवं पार्षद व राजस्व एवं बाजार विभाग प्रभारी सुभद्रा टाण्डेकर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश बंजारे, उप अभियंता निखिल जोशी, सहायक राजस्व निरीक्षक रामयश पटेल की उपस्थिति में बैठक बुलाई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सप्ताहिक बाजार के दिन सोमवार को ठेले में लगाने वाले दुकानदार ठेला सड़क में न लगाएं, गोंडवाना भवन के पास अपना ठेला लगाएं एवं सब्जी विक्रेता सड़क में दुकान न लगाएं, सड़क के किनारे में ही लगायें तथा चार पहिया वाहन के माध्यम से सब्जी या फल लाया जाता है, उस वाहन को लाल रघुवीर सिंह मैदान में ही रखें। ठेला एवं सब्जी विक्रेता सड़क में लगाये पाये जाने पर जब्ती की कार्रवाई की जाएगी एवं अर्थदण्ड राशि 1000 रूपए वसूला जाएगा।

- बाजार को व्यवस्थित करने नगर पंचायत में हुई बैठक में लिए गए कई निर्णय

साप्ताहिक बाजार दिन सोमवार को मेन रोड से मंगचुवा की ओर चलने वाले भारी वाहन विवेकानंद चौक से होकर ही जाएं। निकाय के करदाताओं द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 व पिछला कर का भुगतान नहीं किया गया है, उसे जल्द से जल्द निकाय कोष में राशि जमा कराने के लिए निकाय की राजस्व शाखा को निर्देश दिया गया है।

# मेढ़की में धूमधाम से मनाई भक्त माता कर्मा जयंती, निकाली गई कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम मेढ़की में मंगलवार को भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समाज की युवतियां व महिलाओं ने बाजे–गाजे व आतिशबाजी के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली। जिसमें समाज के लोग भक्त माता कर्मा के गीतों पर झूमते नजर आए। अतिथियों ने सर्व प्रथम मां कर्मा के तैलचित्र की पूजा अर्चना कर खिचड़ी का भोग लगाया।

अतिथियों ने सामाजिक एकता पर बल दिया। भक्त माता कर्मा जयंती पर दोपहर में समाज की महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। शाम 5 बजे माता कर्मा की पूजा आरती उतारी गई। इस अवसर पर साहू समाज द्वारा रात्रि में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी थे, अध्यक्षता ग्राम पंचायत ओरमा के सरपंच अंजुलता साहू ने की। समाज सेवी धनराज साहू, विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, परस साहू सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे। इस अवसर पर साहू समाज द्वारा चंद्रेश हिरवानी को जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं, ग्राम के नवनिर्वाचित पंचों, गांव के युवा पुलिस व सेना जवानों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।





### हुई प्रतियोगिताएं, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

जयंती के अवसर पर रंगोली और कलश सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम द्वितीय आने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मेढ़की साहू समाज के अध्यक्ष मनोहर साहू, देवेंद्र साहू, कुलेश्वर साहू, होरीलाल साहू, दिनेश साहू, विक्की भारद्वाज, अम्ब्रेश हिरवानी, लक्ष्मीनारायण साहू, छबील साहू, हेमंत साहू, अमोल साहू, चंदन साहू, टहल साहू, भेष साहू, नारायण साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर कल से

**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा में 3 अप्रैल से निःशुल्क मेगा प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। कार्यक्रम शैलदेवी महाविद्यालय तथा शैलदेवी प्रा. आई.टी.आई, अंडा द्वारा सुयंक्त रूप से किया जाएगा।

समर कोर्स के अन्तर्गत नीतिश तिवारी, महेन्द्र कौशिक, लक्ष्मी जंघेल तथा वर्षा मोंगरे विद्यार्थियों को बेसिक कम्प्यूटर का ज्ञान देंगे। साथ ही उन्हें प्रैक्टिकल भी कराया जाएगा। उसके बाद डॉ. रश्मि पाण्डेय द्वारा स्पोकन इंग्लिश की कक्षाएं ली जाएंगी। साथ ही योगा तथा व्यक्तित्व विकास की कक्षाएँ भी लगेंगी। हुनर की पाठशाला के अन्तर्गत दुष्यंत दिल्लीवार विद्यार्थियों को घरेलू इलेक्ट्रिक वायरिंग, सीलिंग फैन रिपेयरिंग तथा मोटर वाइडिंग सिखाएंगे। दिग्विजय देशमुख मोबाइल रिपेयरिंग करना बताएंगे। विकास साहू विद्यार्थियों को वेल्डिंग करना सिखायेंगे तथा भूपेन्द्र जांगड़े ए.सी. रिपेयरिंग और सोलर पंप इंस्टॉल करना सिखायेंगे। इसके अतिरिक्त रश्मि ताम्रकार, भारती बंजारे, प्रीति गिरि तथा तिजऊ राम देवांगन छात्राओं को सिलाई करना सिखाएंगे तथा डॉ. सुरेखा साहू कढ़ाई करना बताएंगी। पूजा चन्द्राकर केक बनाना तथा राजेश साहू हारमोनियम बजाना सिखाएंगे। वहीं जान्हवी चन्द्राकर छात्राओं को सेल्फ डिफेंस के गुर सिखायेंगी। योगिता नशीने तथा जयति साहू महिला गृह उद्योग से संबन्धित विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाना सिखाएंगी। इसके साथ ही छात्राओं को मेहंदी लगाने तथा ब्यूटी पार्लर के टिप्स भी दिये जाएंगें। महाविद्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी प्रशिक्षण निःशुल्क होंगे।



HEALTH TOWN
K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## श्री कंकालिन मैया मंदिर में नवरात्रि पर प्रतिदिन हो रहे विविध कार्यक्रम



**गुरूर।** श्री कंकालिन मैया मंदिर समिति द्वारा बासंती चैत्र नवरात्रि के अवसर पर 30 मार्च से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, कार्यक्रम का समापन 6 अप्रैल को होगा। प्रतिदिन शाम 4 बजे से माता सेवा सम्मेलन का आयोजन जारी है। 30 मार्च को अखण्ड ज्योति एवं घट स्थापना की गई। 2 अप्रैल को श्री पंचमी व्रत मातृ श्रृंगार सुबह 8 बजे से किया जाएगा। 5 अप्रैल को महाअष्टमी, दुर्गाअष्टमी, अष्टमी पूजन किया जाएगा। 6 अप्रैल को महानवमी व्रत, ज्योति गंगा स्नान सुबह 10 बजे से होगा। इसके साथ ही 31 मार्च से 5 अप्रैल तक मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। 31 मार्च को मैया के कोरा मानस मंडली कंकालिन तथा 1 अप्रैल को जय संकट मोचन मानस मंडली मरकाटोला की प्रस्तुति हुई। आज ज्योति मानस मंडली मुजालगोंदी, कल जय बजरंग मानस मंडली पोंड, 4 अप्रैल को जय मां सरस्वती मानस परिवार कोचवाई तथा 5 अप्रैल को जय अम्बे मानस मंडली कोचवाही की प्रस्तुति होगी।

## मां बंजारी धाम जुंगेरा में श्रीमद् भागवत कथा जारी

**बालोद।** मां बंजारी धाम वटकेश्वर महादेव समिति जुंगेरा द्वारा सिद्धि शक्ति मां बंजारी धाम श्री वटकेश्वर मनोकामना महोदव मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर ज्योति जंवारा एवं श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन 30 मार्च से किया जा रहा है। इसके तहत 5 अप्रैल को अष्टमी हवन एवं नौ कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। 6 अप्रैल को विसर्जन एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर 9 दिवसीय माता सेवा 29 मार्च से 6 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 1 से 5 बजे तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है।

## श्री रामोत्सव 6 को, तैयारियों में जुटे आयोजक

**जामगांव आर।** ब्लॉक स्तरीय रामोत्सव 6 अप्रैल राम नवमी के पावन अवसर पर जामगांव आर की पावन धरा में साधु संतों की उपस्थिति में मनाया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर ब्लॉक के केंद्र स्थलों जामगांव आर, रानीतराई, गाढ़ाडीह, बिलहारी में संयोजक जनपद सदस्य प्रणव शर्मा ने बैठक लेकर योजना को मूर्त रूप देने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के विशेष मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने बताया कि आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए जन कल्याण रामोत्सव समिति का विस्तार किया गया है। जनपद सदस्य प्रणव शर्मा को संयोजक एवं जामगांव आर निवासी किशोर साहू को अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। वहीं, दोनों पदाधिकारियों ने उपाध्यक्ष कमलेश साहू, नेतराम निषाद, नारद साहू, शैलेन्द्री मंडावी, ज्योतिप्रकाश साहू, कमलेश चन्द्राकर, रानी बंछोर एवं संगीता शर्मा, महामंत्री हलधर महमल्ला, पुरणेंद्र सिन्हा, सचिव मनीष चन्द्राकर एवं रवि सिन्हा सह सचिव योगेश्वर साहू,वासु वर्मा एवं राकेश शर्मा को बनाया।

आयोजन : ग्राम ठेकवाडीह में कर्मा जयंती समारोह का किया गया आयोजन

# साहू समाज ने अंतरजातीय विवाह के बढ़ते मामलों पर जताई चिंता





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम ठेकवाडीह में कोलिहामार परिक्षेत्रीय कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना के साथ की गई। उसके बाद समाज की महिलाओं ने एक ही वेशभूषा में वस्त्र पहनकर सिर पर कलश लेकर कलश शोभायात्रा निकली गई। जहां जगह-जगह माता कर्मा की पूजा अर्चना की गई।

■ महिलाओं ने निकाली भव्य कलश शोभायात्रा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां कर्मा ने तपस्या से भगवान श्री कृष्ण को खिचड़ी खिलाई थी। उन्होंने निस्वार्थ भाव से समाज के लिए कार्य किया। तहसील संघ के अध्यक्ष महेंद्र साहू ने कहा कि संगठन एवं समर्पण में ही शक्ति है।

भक्त माता कर्मा के रास्ते पर चलकर सामाजिक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने समाज को जोड़ने और सामाजिक विषमता को दूर करने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने अंतरजातीय विवाह के बढ़ते मामलों पर चिंतन करते हुए कहा कि आज समाज की लड़कियां अधिक पढ़ रही हैं, लेकिन लड़के पीछे हैं। उन्होंने कहा कि सही उम्र में विवाह कर दिया जाए, तो अंतरजातीय विवाह जैसे मामलों पर रोक लगाई जा सकती है। माता कर्मा के कारण ही आज समाज सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ कर समाज के उत्थान के लिए अग्रसर है। परिक्षेत्रीय अध्यक्ष भारत सर्वा ने कहा कि भक्त माता कर्मा की सेवा एवं परोपकार की राह पर सबको भक्त माता कर्मा ने दिखाया है। उनके बताए मार्ग पर चलकर हम आगे बढ़ रहे हैं। हमारा साहू समाज संगठित है, शिक्षित है तभी विकास कर रहा है और आगे भी करेगा, क्योंकि शिक्षित समाज ही देश का विकास, प्रदेश का विकास, समाज का विकास कर सकता है, साहू समाज की एकता ही सबसे बड़ी शक्ति है, क्योंकि हम सब एक हैं। नारी शक्तियों को समाज की हर परिस्थितियों गतिविधियों से जोड़ना चाहिए, क्योंकि नारी शक्ति देश की शक्ति है।

कार्यक्रम में जिला साहू संघ उपाध्यक्ष रामदयाल साहू जिला महामंत्री विजय साहू जिला न्याय प्रकोष्ठ सचिव लिकेश्वर साहू गुरुर परिक्षेत्र अध्यक्ष योगेश साहू ओकार महमला सरपंच देवश्री साहू उपस्थित रहे।

संचालन ग्रामीण संरक्षक दुलार साहू, आभार परिक्षेत्र उपाध्यक्ष यालेस साहू ने किया। कार्यक्रम में परिक्षेत्र कोषाध्यक्ष परस साहू, चंद्रहास साहू, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष मदनमोहन साहू, खिलावन साहू, नोहर साहू गिरधारी साहू, अस्थिर साहू, ईश्वर साहू, गुलाब साहू, समाज सेवक संतु राम साहू, तेजराम साहू सहित समाज के लोग अधिक संख्या में उपस्थित थे।



### हुईं विविध प्रतियोगिताएं, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

कार्यक्रम में कलश प्रतियोगिता में गीता साहू प्रथम प्रमिला साहू द्वितीय द्रोपती साहू तृतीया चोमीन साहू चतुर्थ और सुमित्र साहू पंचम रही। रंगोली प्रतियोगिता में निशा साहू प्रथम वैशाली साहू द्वितीय सरिता साहू तृतीया देवकी साहू चतुर्थ भावना साहू पंचम और भारती साहू सस्टम स्थान पर रहे। हार माला प्रतियोगिता में उपासना प्रथम संतोषी साहू द्वितीय और आदित्य कुमार तृतीय रहे। सामाजिक कार्यक्रम में गांव के वयोवृद्ध दशरथ साहू और उनकी पत्नी पच साहू को शाल श्रीफल साड़ी देकर सम्मान किया गया।

## ग्राम रजोली में धूमधाम से मनाई गई माता कर्मा जयंती



**बालोद।** भक्त माता कर्मा की जयंती क्षेत्र में धूमधाम से मनायी जा रही है। इसी तारतम्य में गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम रजोली में झरिया साहू समाज द्वारा आयोजित कर्मा जयंती में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर शामिल हुई। भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये तारणी चंद्राकर ने कहा कि कर्मा माता केवल साहू समाज ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण समाज के लिए आदर्श हैं। उनका जीवन परिश्रम, सत्य और सेवा के मार्ग को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि समाज का विकास तभी संभव है जब हम अपने सांस्कृतिक मूल्यों को आत्मसात करें। मुख्य अतिथि ने साहू समाज को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान साहू समाज ने तारणी चंद्राकर एवं सभी अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से जनपद सदस्य दीपक साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, सरपंच त्रयोदश मुकेश सहित साहू समाज के पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधायक कुंवर सिंह ने की माता कर्मा की पूजा, लिया आशीर्वाद

**गुण्डरदेही।** विधायक कुंवर सिंह निषाद ने ग्राम डुडिया, फरदडीह एवं मुजगहन में परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर माता कर्मा की पूजा अर्चना कर समाज क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की।

■ ग्राम डुडिया, फरदडीह एवं मुजगहन में आयोजित कार्यक्रमों में हुए शामिल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि साहू समाज का हमेशा गौरवशाली इतिहास रहा है। चाहे वह कृषि के क्षेत्र में हो या शिक्षा के क्षेत्र में हो इस समाज के लोगों ने खूब मेहनत कर सभी क्षेत्रों में सफलता अर्जित की है। माता कर्मा भक्त शिरोमणी सेवा, त्याग, भक्ति समर्पण की देवी हैं। परम आराध्य साध्वी भक्ति शिरोमणी मां कर्मा देश-विदेश में सर्व साहू तेली समाज की आराध्य देवी कर्मा माता की गौरव गाथा जन-जन के मानस में श्रद्धा भक्ति के भाव से वर्षों से चली आ रही है। संगठन एवं समर्पण में ही शक्ति है। भक्त माता कर्मा के रास्ते पर चलकर सामाजिक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, समाज को जोड़ने और सामाजिक विषमता को दूर करने के लिए कार्य करने का आव्हान किया। ऐसे सामाजिक आयोजन की हमारे संस्कृति को बल प्रदान कर हमारे आने वाले पीढ़ियों को प्रेरणा प्रदान करता है।



## जामगांव आर में धूमधाम से मनाया गया गणगौर तीज



**जामगांव आर।** गणगौर तीज बड़े हर्षोल्लास के साथ माहेश्वरी परिवार ने धूमधाम से मनाया। पूजा राठी ने बताया कि गणगौर तीज शंकर और पार्वती की आराधना तपस्या होली के 16 दिन तक विधिविधान से की जाती है, गणगौर तीज उपवास रख 1 ही अनाज से बना हुआ खाना खाते हैं, गेहूं का। पूजा राठी ने 8 दिन का उपवास किया। पूजा राठी ने कहा कि धर्म भक्ति आराधना जीवन को सुंदर राह दिखाती है। संस्कार का यह अनुपम भेंट धर्म से मिलती है। सोमवार को विसर्जन अवसर पर महिलाएं उपस्थित रहीं। गणगौर तीज कुंवारी लड़कियां अपने वर के लिए करती हैं और महिलाएं अपने सुहाग की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं। पूजा राठी सूरत का पहला गणगौर है सुभाष उमा केला निवास में भक्ति पूजा अर्चना का विशेष प्रबंध किया गया, जहां पर माहेश्वरी एवं जैन समाज की महिलाएं शामिल हुईं। पूजा राठी, उमा केला, रेखा केला, कांटा राठी, अंकिता जैन, निर्मला जैन, सुशीला जैन नीता केला, पुष्पा केला, काजल केला, हर्षा केला, निर्मला केला, ममता केला योगिता टावरी शामिल रहीं। गणगौर का समापन 31 मार्च को हुआ।

## मुख्य मार्ग स्थित शराब दुकान पिनकापार स्थानांतरित

**डौंडीलोहारा।** नगर के मुख्य मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास स्थित शराब दुकान 1 अप्रैल से पिनकापार में स्थानांतरित कर दी गई है। नगर के मुख्य मार्ग की शराब दुकान के बंद हो जाने के कारण कई मदिरा प्रेमियों को झटका लगा है, क्योंकि बंद हो जाने के कारण लोगों को पुरानी शराब दुकान जाने में ज्यादा सफर तय करना पड़ेगा। शराब दुकान के बंद हो जाने के कारण आसपास के दुकानदार मायूस हो गए हैं, क्योंकि शराब दुकान के कारण ही उनका धंधा ठीक-ठाक चल रहा था। लेकिन, दुकान को स्थानांतरित करने से एक फायदा हुआ है। मुख्य मार्ग पर दुकान होने के कारण घटना दुर्घटना भी बहुत होती थी, दुकान के हटने से इसमें कमी होने की संभावना है।

## ग्राम पंचायत परसदा में भूमिपूजन आज

**अंडा।** श्री सत्यकबीर आश्रम परसदा डगनिया में आश्रम नवनिर्माण का भूमिपूजन परमपूज्य धर्माधिकारी श्री सुधाकर शास्त्री साहेब जी सद्गुरु कबीर प्राकट्यधाम लहरतारा काशी एवं आचार्यगद्दी सद्गुरु कबीर धर्मस्थान खरसिया, रायगढ़ के सानिध्य में 2 अप्रैल को होने जा रहा है। कुलदीप साहू ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

ग्राम सिकोसा एवं पिनकापार में आयोजित फाग प्रतियोगिता में शामिल हुए विधायक

# सभी लोगों को साथ लेकर चलने की प्रेरणा देते हैं फाग गीत : कुंवरसिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



ग्राम सिकोसा एवं पिनकापार में सौभाग्य युवा मंच सिकोसा, जय शिव शक्ति जस झांकी परिवार पिनकापार एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित दो दिवसीय फाग गायन एवं झांकी प्रतियोगिता में विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्री कृष्णा की पूजा-अर्चना कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि फाग गीत के दौरान सभी ग्रामीण एक जगह इकट्ठा होते हैं और साथ मिलकर गाते हैं। इस फाग गीत लोगों को अपनी एकजुटता दिखाते हुए सबको साथ मिलजुल कर रहने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि होली जैसा हृदय को आनन्दित करने वाला कोई दूसरा पर्व नहीं है। साथ ही उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि वर्तमान में युवाओं में होली को लेकर गाना-नाचना मात्र रह गया है। होली की पुरानी परम्पराओं से आज का युवा दूर होते जा रहा है और कई लोग होली में घर से बाहर नहीं निकलते। होली परम्परागत ढंग से फाग गीतों की मधुर फुहार के साथ मनाई जाती है। होली का त्यौहार मौज मस्ती व खुशियों का त्योहार है। यह हर्षोल्लास परस्पर मिलन व एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर जनपद सदस्य आसिफ गहलोत, सरपंच सिकोसा प्रीतम ठाकुर, समाजसेवी राकेश शर्मा, जनपद सदस्य रीना देशमुख, जनपद सदस्य ममता सेन, संजय बारले, रोहित कुमार साहू, पीला राम सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## डोंगरगढ़ पहुंचे पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज, माता बम्लेश्वरी का लिया आशीर्वाद



**अंडा।** छत्तीसगढ़ के पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू चैत्र नवरात्रि के तृतीय दिवस पर अपने एक दिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव जिले की धर्म नगरी डोंगरगढ़ पहुंचे। उन्होंने सपरिवार मां बम्लेश्वरी देवी के दरबार पहुंचकर उनके दर्शन किये और पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। साथ ही उन्होंने नीचे छोटी माँ बम्लेश्वरी देवी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया।

## हिन्दू नववर्ष पर परसदा में किया गया सुंदरकांड का पाठ



**अंडा।** ग्राम पंचायत परसदा में हिन्दू नववर्ष के अवसर पर हिंदू जागरण, ग्रामीणों की खुशहाली एवं संपूर्ण विकास तथा नए भारत के निर्माण एवं विश्व शान्ति के लिए सुन्दर काण्ड का पाठ किया गया। कार्यक्रम में सरपंच सत्यवती साहू, उपसरपंच लिलेश्वर साहू, पंच मीना साहू, सरस्वती साहू, भावना साहू का विशेष सहयोग रहा। उक्त अवसर पर दुष्यंत हिरवानी, अनिल हिरवानी, तरूण साहू, कृष्णा साहू, कृष्णा विश्वकर्मा, वीरकांत, लालचंद और समस्त सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## पीएम आवास के हितग्राहियों ने किया गृहप्रवेश



**अंडा।** ग्राम अंडा में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का गृहप्रवेश कराया गया। हितग्राही त्रिवेणी भाई सरजू शंकर लाल और बांदे सरोज बाई कौशल का गृह प्रवेश कराकर उन्हें उनके आवास की चाबी सौंपी गई। उक्त अवसर पर जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, सरपंच दिग्विजय सिन्हा, उप सरपंच यशवंत बंजारे पंच फत्ते चंद्राकर, यादवेंद्र चंद्राकर, सती बाई गोस्वामी, ममता चंद्राकर, लता चंद्राकर, राकेश्वरी चंद्राकर उत्तर देशमुख माधुरी साहू गोपाल साहू सीताबाई विमला बाई हमेंद्र चौहान, मनोज चंद्राकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

## शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय में लगा योग शिविर



**बालोद/अर्जुन्दा।** शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के क्रीड़ा विभाग एवं आईक्यूएसी के तत्वावधान में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग एवं ध्यान स्वस्थ शरीर को कराने के लिए अंतर्राष्ट्रीय योग शिक्षक योगा व वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड धीरज शर्मा उपस्थित थे। वार्मअप, सूर्य नमस्कार, भ्रस्त्रिका प्राणायाम, आभामंडल ध्यान, वार्मअप योगासन, नाड़ी शोधन प्राणयाम निर्देशित ध्यान, भ्रामरी प्राणायाम, राम ध्यान किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सोमिल गुप्ता, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ अरुणा साव एवं प्रभारी क्रीड़ा विभाग डॉ समीर दसपुत्रे उपस्थित थे।

## धानापुरी में पीएम आवास के हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश



**गुरूर।** ग्राम धानापुरी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने पक्के मकान का गृह प्रवेश कराया गया, जिसके तहत हितग्राहियों को मकान की चाबी सौंपी गई। इस अवसर पर धानापुरी में हितग्राही संतोष कुमार सिन्हा सहित अन्य हितग्राहियों को पक्के मकान में गृह प्रवेश कराया गया। हितग्राही संतोष सिन्हा इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरपंच खोमन लाल सिन्हा, उपसरपंच उत्तरा राम सिंन्हा, आवास मित्र शेखर सिन्हा सहित समस्त पंचगण उपस्थित थे।

